**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 770**
**दिनांक 07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**सार्वभौसिक टीकाकरण**

**† 770. श्री अ.मनि:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षा के दौरान तमिलनाडु सहित देश में राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार कितने प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया गया है;

(ख) क्या सरकार सार्वभौमिक टीकाकरण प्राप्त करने की राह पर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश भर में टीकाकरण कवरेज में सुधार लाने पर मिशन इन्द्रधनुष का क्या प्रभाव पड़ा है;

(घ) उक्त मिशन के आरंभ होने से पूर्व और बाद का टीकाकरण कवरेज का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इस मिशन के कार्यान्वियन में किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और यदि हां, तो सरकार द्वारा उनके समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(च) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षा के दौरान टीकाकरण के पश्चात प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) के मामले दर्ज किए हैं और यदि हां, तो ऐसे मामलों का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार/वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(छ) सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत लगाए जाने वाले टीकों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं; और

(ज) सरकार द्वारा दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में टीकाकरण कवरेज में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पूर्ण टीकाकरण कवरेज (एफआईसी) के प्रतिशत का विवरण अनुलग्नक क में दिया गया है।

(ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 के लक्ष्यों के अनुसार, विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय पूर्ण टीकाकरण कवरेज 90% से अधिक बना हुआ है (नीचे दी गई तालिका देखें)।

तालिका: विगत तीन वर्षों का पूर्ण टीकाकरण कवरेज प्रतिशत: (स्रोत एचएमआईएस)

| वर्ष | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25* |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय एफ़आईसी % | 94.8 | 93.7 | 94.3 |

* अप्रैल-दिसंबर, 2024 से 04 फरवरी, 2025 की स्थिति के अनुसार

(ग), (घ) और (ङ) मिशन इंद्रधनुष, देश भर के कम टीकाकरण कवरेज वाले क्षेत्रों में चयनित जिलों में छूटे हुए और बीच में ही टीकाकरण से वंचित रह गए बच्चों के लिए एक कैच-अप टीकाकरण अभियान है। वर्ष 2014 में मिशन इंद्रधनुष के शुभारंभ के बाद से, मिशन इंद्रधनुष के कुल 12 दौर सफलतापूर्वक कार्यान्वित किए गए हैं, जिसमें 5.46 करोड़ बच्चों और 1.32 करोड़ गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए गए हैं।

(च) विगत पांच वर्षों के दौरान टीकाकरण के बाद अति गंभीर/गंभीर प्रतिकूल घटनाओं (एईएफआई) के मामलों का विवरण अनुलग्नक ख में दिया गया है।

(छ) वैक्सीन की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया वैक्सीन लगाने से पहले प्रोटोकॉल सिस्टम में अंतर्निहित है। सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम में टीकों को देश भर में कोल्ड चेन पॉइंट्स में उपयुक्त कोल्ड चेन सिस्टम में संग्रहित किया जाता है।

(ज) टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम इस प्रकार हैं:

i. देश भर में सभी पात्र लाभार्थियों की नाम-आधारित डिजिटल रिकॉर्डिंग, ट्रैकिंग और निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म यूविन को पूरे देश में शुरू किया गया है।

ii. इस कार्यक्रम की समीक्षा और निगरानी नियमित रूप से की जाती है।

iii. मिशन इंद्रधनुष सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत विशेष कैच-अप टीकाकरण अभियान है, जो कम टीकाकरण कवरेज वाले क्षेत्रों में दूरदराज और अल्प सेवित क्षेत्रों सहित छूटे हुए और छोड़े गए बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीका लगाने के लिए आयोजित किया जाता है।

iv. पल्स पोलियो कार्यक्रम के भाग के रूप में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) जैसे विशेष टीकाकरण अभियान प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाते हैं।

v. टीकाकरण कवरेज में सुधार के लिए समर्थन, सामाजिक लामबंदी, सामुदायिक जुड़ाव, परिवार स्तर पर पारस्परिक संचार और मीडिया जुड़ाव जैसे रणनीतिक मंत्र किए जाते हैं।

vi. टीकाकरण संबंधी राज्य कार्य बल (एसटीएफ़आई) और टीकाकरण संबंधी जिला कार्य बल (डीएफ़टीआई) इस कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन को सक्षम बनाते हैं।

**दिनांक 07/02/2025 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 770 के उत्तर के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक-क**

**विगत तीन वर्षों के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार पूर्ण टीकाकरण कवरेज (%)**

**एचएमआईएस 2022-23 से 2024-25***

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25* |
|---|---|---|---|
| भारत | **94.8** | **93.7** | **94.3** |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 86.3 | 88.6 | 103.2 |
| आंध्र प्रदेश | 102.9 | 102.3 | 101.0 |
| अरुणाचल प्रदेश | 82.0 | 79.9 | 79.1 |
| असम | 85.5 | 85.4 | 81.5 |
| बिहार | 92.3 | 83.8 | 92.5 |
| चंडीगढ़ | 102.3 | 99.6 | 94.4 |
| छत्तीसगढ | 96.7 | 96.7 | 91.2 |
| दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव | 51.2 | 48.0 | 42.6 |
| दिल्ली | 92.5 | 105.4 | 103.2 |
| गोवा | 90.6 | 92.1 | 88.4 |
| गुजरात | 92.8 | 95.8 | 96.1 |
| हरियाणा | 94.4 | 92.3 | 92.7 |
| हिमाचल प्रदेश | 87.6 | 84.9 | 83.8 |
| जम्मू और कश्मीर | 116.9 | 111.4 | 103.0 |
| झारखंड | 93.9 | 97.7 | 99.1 |
| कर्नाटक | 97.7 | 99.2 | 96.8 |
| केरल | 90.0 | 86.9 | 76.2 |
| लद्दाख | 100.8 | 96.5 | 91.4 |
| लक्षद्वीप | 90.2 | 108.8 | 89.0 |
| मध्य प्रदेश | 95.1 | 94.7 | 92.2 |
| महाराष्ट्र | 104.9 | 101.2 | 104.3 |
| मणिपुर | 79.4 | 83.9 | 81.3 |
| मेघालय | 98.6 | 96.8 | 94.0 |
| मिजोरम | 99.5 | 101.6 | 102.1 |
| नगालैंड | 60.5 | 63.0 | 63.5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ओडिशा | 88.7 | 82.8 | 80.2 |
| पुदुचेरी | 66.0 | 60.1 | 56.2 |
| पंजाब | 98.1 | 94.5 | 95.2 |
| राजस्थान | 77.6 | 76.7 | 79.5 |
| सिक्किम | 64.8 | 66.1 | 64.7 |
| तमिलनाडु | 89.4 | 86.6 | 83.3 |
| तेलंगाना | 108.0 | 107.3 | 108.7 |
| त्रिपुरा | 99.2 | 98.4 | 91.1 |
| उत्तर प्रदेश | 99.4 | 99.3 | 100.4 |
| उत्तराखंड | 96.0 | 94.9 | 93.7 |
| पश्चिम बंगाल | 91.8 | 98.3 | 96.6 |

*अप्रैल-दिसंबर, 2024 से 4 फरवरी 2025 तक

**दिनांक 07/02/2025 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 770 के उत्तर के भाग (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

*अनुलग्नक ख*

**विगत पांच वर्षों के लिए एईएफआई रिपोर्टिंग का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | गंभीर/अति गंभीर | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-2020 | 2020-2021 | 2021-2022 | 2022-2023 | 2023-2024 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | | | 1 | 5 |
| आंध्र प्रदेश | 41 | 18 | 13 | 12 | 18 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1 | 1 | 1 | 2 | 4 |
| असम | 14 | 11 | 3 | 29 | 33 |
| बिहार | 135 | 83 | 31 | 111 | 125 |
| चंडीगढ़ | 28 | 19 | 18 | 19 | 11 |
| छत्तीसगढ | 9 | 7 | 3 | 11 | 24 |
| दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| दिल्ली | 78 | 49 | 23 | 135 | 115 |
| गोवा | 70 | 41 | 41 | 63 | 77 |
| गुजरात | 90 | 43 | 40 | 83 | 55 |
| हरियाणा | 36 | 28 | 14 | 56 | 116 |
| हिमाचल प्रदेश | 13 | 6 | 11 | 17 | 17 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 10 | 9 | 8 | 16 | 16 |
| झारखंड | 20 | 11 | 30 | 23 | 45 |
| कर्नाटक | 266 | 84 | 82 | 152 | 239 |
| केरल | 213 | 137 | 140 | 221 | 344 |
| लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 |
| लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 49 | 35 | 19 | 65 | 58 |
| महाराष्ट्र | 218 | 75 | 79 | 161 | 294 |
| मणिपुर | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| मेघालय | 3 | 3 | 10 | 23 | 31 |
| मिजोरम | 4 | 3 | 0 | 3 | 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नगालैंड | 2 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| ओडिशा | 67 | 41 | 16 | 20 | 39 |
| पुदुचेरी | 7 | 12 | 8 | 12 | 21 |
| पंजाब | 42 | 24 | 17 | 21 | 98 |
| राजस्थान | 180 | 14 | 5 | 33 | 150 |
| सिक्किम | 9 | 4 | 0 | 3 | 10 |
| तमिलनाडु | 231 | 184 | 192 | 297 | 457 |
| तेलंगाना | 104 | 54 | 21 | 96 | 113 |
| त्रिपुरा | 15 | 6 | 5 | 7 | 21 |
| उत्तर प्रदेश | 79 | 39 | 54 | 186 | 231 |
| उत्तराखंड | 9 | 2 | 1 | 2 | 11 |
| पश्चिम बंगाल | 371 | 168 | 167 | 611 | 373 |

स्रोत: राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए अनुसार टीकाकरण के बाद की घटनाओं के लिए निगरानी और कार्रवाई (एसएएएफ़ईवीएसी) पोर्टल।

*****